कार्यालय – प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–संरक्षण)
सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल
Tel. (office) 2674212 (Fax) 2551450, E-mail: apccfprot@mpforest.org

क्रमांक / वन अपराध / 3050 भोपाल, दिनांक 28/2/16

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक,
(क्षेत्रीय / वन्यप्राणी)
भोपाल मध्यप्रदेश

विषयः– वर्षा ऋतु में वन भूमि पर अतिक्रमण एवं अवैध कटाई की रोकथाम हेतु विशेष सुरक्षा अभियान ।

संदर्भः– कार्या. पत्र क्रमांक / वन अपराध / 2818 दि. 6–6–16 एवं क्रमांक प्र.मु.व.सं. म.प्र. भोपाल का पत्र क्रमांक / वन अपराध / 2016 / 2899 दि. 15–6–16

जैसा की आपको विदित है कि वर्षाकाल प्रारम्भ हो चुका है और इस मौसम में कई वन क्षेत्र इस तरह के रहते है जहां कि आवागमन 3–4 माह तक बंद हो जाता है । इस तरह के वन क्षेत्रों में वन अपराध अतिक्रमण, अवैध शिकार एवं अवैध कटाई की घटनाओं की संभावना रहती है । अतः वन अपराध पर नियंत्रण रखने के लिये निम्न निर्देश दिये जाते हैं:–

1– प्रत्येक मुख्य वन संरक्षक अपने–अपने वृत्तों में इस तरह के संवेदनशील और वर्षाकाल में आवागमन से कट जाने वाले वन क्षेत्रों की पहचान करें ।

2– इन वन क्षेत्रों में वन कर्मियों का दल बनाकर पैदल गश्ती सुनिश्चित करावें ।

3 वन कर्मचारी अपने मुख्यालय में अतिक्रमण हेतु संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित भ्रमण कर अतिक्रमण की रोकथाम हेतु प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पत्र क्रमांक / वन अपराध /2818 दि. 6–6–16 एवं क्रमांक 2899 दि.15–6–16 के तहत निर्देशों का पालन करें ।

4– अतिक्रमण एवं वन अपराधों में प्रयुक्त वाहन ट्रेक्टर,हल,बैल,औजार इत्यादि को जप्त कर राजसात की कार्यवाही की जावें ।

5– मुखबिर तंत्र एवं संयुक्त वन प्रबधन समितियों को क्रियाशील करें ।

6– गठित दल अपना कार्य सुचारू तरीके से कर रहे है इसकी संबंधित वन मंड़लाधिकारी हर 15 दिन में तथा आप स्वंय हर माह समीक्षा करते रहें । इस तरह के निर्देश अपने समस्त अधीनस्थ अधिकारियों को भी दें ।

कृपया की गयी कार्यवाही से इस कार्यालय को समय सभय पर अनिवार्य रूप से अवगत करावे ।

(अनिमेष शुक्ला)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
म0प्र0 भोपाल

क्रमांक / वन अपराध / 3051 भोपाल, दिनांक 28/6/16

1– प्रबंध संचालक वन विकास निगम म.प्र. भोपाल ।

2– समस्त वन मंड़लाधिकारी म.प्र. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

(अनिमेष शुक्ला)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख)
म0प्र0 भोपाल